Regarding broadcast of local programmes from Akashvani Kendra Shahadol, Madhya Pradesh-laid

श्रीमती हिमाद्री सिंह (शहडोल): संसदीय क्षेत्र शहडोल, मध्यप्रदेश स्थित आकाशवाणी केंद्र आदिवासी बाहुल्य संसदीय क्षेत्र होने के कारण 18 मई 1992 को विशेष प्रावधानों के तहत स्थानीय कार्यक्रम निर्माण एवं प्रसारण हेतु प्रारंभ किया गया था। उक्त प्रसारण शहडोल सहित उमरिया, अनुपपुर, डिंडौरी (मध्य प्रदेश) एवं कोरिया जिले (छत्तीसगढ़) तक पहुँचता रहा है। उक्त केंद्र से स्थानीय भाषा बघेली का संरक्षण एवं संवर्धन होता रहा है। दिनांक 8 जनवरी 2019 से आकाशवाणी केंद्र शहडोल से स्थानीय प्रसारण बंद कर विविध भारती प्रसारण सेवा मुंबई के कार्यक्रम अनुप्रसारित किये जा रहे है, जिसके कारण स्थानीय कलाकारों का रोज़गार भी छिन गया है। लोक संस्कृति के परिरक्षण एवं संवर्धन हेतु कलाकारों को शासन द्वारा उनकी प्रतिभाओं को समुचित प्रोत्साहन एवं मंच प्रदान करने हेतु सम्बंधित पिछड़े इन जिलों के युवाओं को समुचित मार्गदर्शन देने तथा जन कल्याणकारी योजनाओं को संसदीय एवं सम्बंधित दूरवर्ती क्षेत्र में जन-जन तक सुगमता से पहुचाने हेतु इस क्षेत्र में रेडियो एक उपयुक्त माध्यम है। मेरा सरकार से अनुरोध है कि क्षेत्र के इस संवेदनशील विषय पर गंभीरता से गौर करते हुए आकाशवाणी शहडोल केंद्र के स्थानीय प्रसारणों को पुनः पूर्व की भांति संचालित किया जाए, जिससे स्थानीय कलाकारों एवं कला का संरक्षण एवं संवर्धन हो सके ।